# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक : 1419 /अका./वि.प./2016 रायपुर, दिनांक : 01/06/2016

विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक दिनांक 24 मई, 2016 दिन–मंगलवार को अपरान्ह 3:00 बजे कुलपति कक्ष में संपन्न हुई बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो. एस. के. पाण्डेय, कुलपति – अध्यक्ष
2. डॉ. अमरकांत पाण्डेय – सदस्य
3. डॉ. आर.पी. दास – सदस्य
4. डॉ. मिताश्री मित्रा – सदस्य
5. डॉ. के.के. घोष – सदस्य
6. डॉ. ए.के. गुप्ता – सदस्य
7. डॉ. उषाकिरण अग्रवाल – सदस्य
8. डॉ. (श्रीमती) शुक्ला बनर्जी – सदस्य
9. डॉ. श्रीनिवासन नरसिम्हन – सदस्य
10. डॉ. ए. टी. दाबके – सदस्य
11. डॉ. ए.के. पति – विशेष आमंत्रित सदस्य
12. डॉ. निनाद बोधनकर – विशेष आमंत्रित सदस्य
13. श्री के. के. चन्द्राकर, कुलसचिव – सचिव

बैठक में निम्नलिखित सदस्य अनुपस्थित रहे –

1. डॉ. अब्दुल अलीम खान
2. डॉ. शैलेन्द्र सराफ
3. डॉ. (श्रीमती) रश्मि मिंज
4. डॉ. पुलोक के. मुखर्जी
5. श्री एस. चन्द्रशेखर
6. डॉ. एस.के. पाटिल

बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गएः–

1. विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक दिनांक 17.07.2015 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णयः– विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक, दिनांक 17.07.2015 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि प्रदान की गई।

2. विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक दिनांक 17.07.2015 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

निर्णयः— **विश्वविद्यालय विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की बैठक, दिनांक 17.07.2015 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई।**

## अकादमिक गतिविधियाँ

3. डॉ. ए.के. पति, डायरेक्टर, आईक्यूएसी द्वारा विश्वविद्यालय के द्वारा अकादमिक गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतिकरण।

निर्णयः— **डॉ. ए.के. पति डायरेक्टर, आईक्यूएसी के द्वारा NCNR प्रोजेक्ट अध्ययन शाला में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश, शोध शिक्षकों को विभिन्न एजेन्सियों से स्वीकृत प्रोजेक्ट, शोध के लिए विभिन्न एजेन्सियों से किये गए MOU, विभागों में आयोजित राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार/कान्फ्रेस/कार्यशाला, शिक्षकों के प्रयास से शोध हेतु स्वीकृत शोध प्रोजेक्ट आगामी नैक मुल्यांकन की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों को सम्मिलित कर प्रदर्शित करने संबंधी समस्त गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण की सूचना ग्रहण किया गया।**

4. नैक के द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अंतर्गत महाविद्यालयों के निरीक्षण के पश्चात् प्राप्त रिपोर्ट की जानकारी प्रस्तुत करना।

निर्णयः— **डॉ. आर.पी. दास, संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् द्वारा नैक के आधार पर निर्धारित मापदण्ड के 123 महाविद्यालय के अंतर्गत महाविद्यालयों के निरीक्षण के पश्चात् प्राप्त रिपोर्ट की जानकारी दी गई।**

5. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रैम वर्क के अंतर्गत देशभर के विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें हमारे विश्वविद्यालय को 61.09 अंकों के साथ 46वां रैंक प्राप्त हुआ है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय स्थित फार्मेसी संस्थान को देश के अग्रणी संस्थानों की सूची में 22वां स्थान मिला है, सूचनार्थ।

निर्णयः— **मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रैम वर्क के अंतर्गत इस विश्वविद्यालय को 46वीं रैंक एवं विश्वविद्यालय स्थित फार्मेसी को 22वां स्थान प्राप्त होने की सूचना ग्रहण की गई।**

## अध्ययनपीठ की स्थापना

6. श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, पारस नगर–नगपुरा, जिला–दुर्ग के द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में जैन दर्शन और संस्कृति के क्षेत्र में आचार्य श्री लब्धि सूरी. महाराजा जैन अध्ययन पीठ (जैन स्टडी चेयर) की स्थापना के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए इसके लिये रेगुलेशन का निर्माण कर लिया गया है।

उपरोक्त पीठ की स्थापना हेतु समस्त व्यय 5 वर्षों के लिये श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, पारस नगर–नगपुरा, जिला–दुर्ग के द्वारा किया जायेगा। सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ, पारस नगर–नगपुरा, जिला–दुर्ग के द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में जैन दर्शन और संस्कृति के क्षेत्र में आचार्य श्री लब्धि सूरी. महाराजा जैन अध्ययन पीठ (जैन स्टडी चेयर) की स्थापना संबंधी प्रस्ताव का कार्यपरिषद् द्वारा की गई स्वीकृति की सूचना ग्रहण की गई।**

## विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में नये पाठ्यक्रम प्रारंभ करने पर विचार करना।

7. डॉ. ए.के. पति, डायरेक्टर, आईक्यूएसी द्वारा बायोस्टेटिक्स में **एम.एस–सी.(नियमित), डिप्लोमा इन क्रोनोबायोलॉजी (ऑनलाइन)** एवं **एम.एस. प्रोग्राम रिसर्च** प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **रूसा के अंतर्गत प्रस्तावित पाठ्यक्रम एम.एस–सी. बायोस्टेटिक्स, डिप्लोमा इन क्रोनोबायोलॉजी (ऑनलाइन) एवं इसी के साथ एम.एस. प्रोग्राम प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव का सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए नियमानुसार परीक्षण के साथ वित्तीय व्यय भार के आकलन सहित प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को भेजने हेतु अनुशंसा की गई।**

8. डॉ. अमरकांत पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला एवं संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा **"M.A. in Politics with special reference to International Studies"** नया पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार करना।

निर्णयः– **अर्थशास्त्र अध्ययनशाला एवं संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा प्रस्तुत "M.A. in Politics पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श के पश्चात् निर्णय लिया गया कि इनके स्थान पर "एम.ए. राजनीति शास्त्र (with special reference to International Studies)" नया पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। विस्तृत प्रस्ताव वित्तीय व्यय के साथ उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को स्वीकृति हेतु भेजने के संबंध में अनुशंसा की गई।**

9. साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत संस्कृत में एम.ए. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः— **साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत एम.ए. संस्कृत पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। विस्तृत प्रस्ताव वित्तीय व्यय के साथ उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को स्वीकृति हेतु भेजने के संबंध में अनुशंसा की गई।**

## विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में शैक्षणिक पद सृजित करने के प्रस्ताव पर विचार करना।

10. क्षेत्रीय अध्ययनशाला द्वारा नए शैक्षणिक पद सृजित करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार करना।

निर्णयः— **क्षेत्रीय अध्ययनशाला द्वारा नए शैक्षणिक पद सृजित करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि संबंधित विभाग में दो अतिरिक्त सहायक प्राध्यापक के पद सृजन करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। विस्तृत प्रस्ताव वित्तीय प्राकलन के साथ उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को स्वीकृति हेतु भेजने के संबंध में अनुशंसा की गई।**

11. मानवविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा म्युजियम के लिए तकनीकी सहायक के पद स्वीकृति के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः— **मानवविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा म्युजियम के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव 01 लैब टेक्नीशियन, 01 लैब अटेंडेंट, 01 असिस्टेंट क्यूरेटर के पद सृजन करने सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।**

## अन्य सूचनायें

12. राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा स्थायी कार्य समूह–4: कृषि–वानिकी, लघुवन उपज, जैव विविधता एवं वन परिस्थितिकी में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मिताश्री मित्रा को शामिल किए जाने संबंधी आदेश सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः **राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक एए–1–11 मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 480/रायोआ/संसं/स्थायी कार्यसमूह/2016 दिनांक 20.04.2016 के द्वारा सदस्य मनोनयन किये जाने की सूचना ग्रहण किया गया।**

13. महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत पदों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को पदों की निरंतरता की बचनबद्धता के लिए प्रेषित किया गया था, जो अभी तक अप्राप्त है। सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः— **महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत पदों को भरने के पूर्व वचनबद्धता हेतु प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति प्राप्त होना शेष है। उक्त जानकारी की सूचना ग्रहण करते हुए निर्णय लिया गया कि पुनः स्वीकृति हेतु पत्र प्रेषित किया जावे।**

**सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श के दौरान महसूस किया गया कि विश्वविद्यालय में ललित कला से संबंधित कोई पाठ्यक्रम नहीं है, जिसके कारण इस परिक्षेत्र के विद्यार्थी अध्ययन–अध्यापन के साथ–साथ शोध के लिए वंचित है। विश्वविद्यालय के लिए अन्य विषयों के साथ–साथ ललित कला से संबंधित पाठ्यक्रमों में एम.ए.– नृत्य, संगीत एवं अन्य विधाओं का अध्यापन आवश्यक है, जिससे भविष्य में इस क्षेत्र में शोध गतिविधियों का विस्तार हो सके अतः ललित कला केन्द्र की स्थापना के साथ 'फाइन आर्ट में एम.ए.' प्रारम्भ करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। इस हेतु विस्तृत प्रस्ताव बनाकर उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को स्वीकृति के लिए भेजने हेतु अनुशंसा की गई।**

**इसी प्रकार महिला केन्द्र द्वारा पाठ्यक्रमों का विधिवत् परीक्षण कर विस्तृत प्रस्ताव बनाने की अनुशंसा की गई।**

14. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत विभिन्न विषयों के लिए दस शैक्षणिक पद 01 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 09 असिस्टेंट प्रोफेसर की निरंतरता की वचनबद्धता हेतु छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया गया है, जो अभी तक अप्राप्त है। सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत विभिन्न विषयों के लिए कुल दस शैक्षणिक पदों (01 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 09 असिस्टेंट प्रोफेसर) की निरंतरता के लिए वचनबद्धता हेतु प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति प्राप्त होना शेष है। इसकी सूचना ग्रहण करते हुए पुनः स्वीकृति हेतु पत्र प्रेषित किये जाने की अनुशंसा की गई।**

15. पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में पर्यावरण विज्ञान के लिए अधोसंरचना, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों की स्वीकृति एवं आर्थिक सहायता हेतु छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। शासन से इस पर कार्यवाही होना शेष है। सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में पर्यावरण विज्ञान के लिए अधोसंरचना, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों की स्वीकृति एवं आर्थिक सहायता हेतु प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है, जिसकी स्वीकृति प्राप्त होना शेष है। इसकी सूचना ग्रहण करते हुए पुनः स्वीकृति हेतु पत्र भेजने की अनुशंसा की गई।**

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य निर्णय

01. माननीय कुलपति के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु किए गये पहल एवं भविष्य में प्रस्ताव योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

02. एम.बी.ए. टुरिज्म पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई।

03. एन.सी.एन.आर. (NCNR) प्रोजेक्ट के कार्य अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रोजेक्ट को यथा स्थिति संचालित करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन को विस्तृत प्रस्ताव प्रेषित किया जावे एवं साथ ही भविष्य में यहाँ उपलब्ध उपकरणों के अधिकतम उपयोगिता एवं मेंटेनेंस कास्ट को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित कर बाह्य एजेंसी एवं शोध छात्रों को उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जावे।

04. रूसा परियोजना के अंतर्गत् अधोसंरचना के विस्तार हेतु उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा रु. 5 करोड़ प्राप्त होने की सूचना ग्रहण किया गया।

05. राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़, एए–1–11 मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 568/रायोआ/संसं/स्थायी कार्यसमूह/2016 दिनांक 10 मई 2016 के द्वारा विभिन्न कार्यसमूह में सदस्य मनोनीत किये जाने की सूचना ग्रहण किया गया –

**स्थायी कार्य समूह–1 :**

1. डॉ. रीता वेणुगोपाल, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं संचालक, महिला अध्ययन केन्द्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
2. डॉ. प्रियंवदा श्रीवास्तव, प्राध्यापक, मनोविज्ञान एवं सह–संचालक, महिला अध्ययन केन्द्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

**स्थायी कार्य समूह–2 :**

1. डॉ. लुकेश्वर सिंह गजपाल, प्राध्यापक, समाजशास्त्र अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

**स्थायी कार्य समूह–5 :**

1. डॉ. अमरकांत पाण्डेय, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

06. राज्य योजना आयोग की तरह विश्वविद्यालय को Knowledge Partner बनाने के संबंध में National Foundation of India (NFI) से प्रारंभिक चर्चा हुई है, जिसमें Anthropology, Economics, Sociology, Law आदि के शिक्षकों का सहयोग लेना प्रस्तावित है। ऐसे प्रस्तावों को विश्वविद्यालय द्वारा संस्थागत सामाजिक दायित्व के तहत स्वीकारने पर, सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त किया।

**अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ बैठक संपन्न हुई।**

**कुलपति**
**अध्यक्ष**

**कुलसचिव**
**सचिव**

पृ. क्रमांक : 1420 /अका./वि.प./2016 रायपुर, दिनांक : 01/06/2016

**प्रतिलिपि :–**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
2. विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड के समस्त सम्माननीय सदस्यों को।
3. अध्यक्ष, समस्त अध्ययन शाला/ग्रांट सेल/समस्त विभागीय अधिकारी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
4. वित्त नियंत्रक /अंकेक्षण विभाग,
5. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**उप कुलसचिव (अका.)**